**UPLK010057112026**

**न्यायालय सत्र न्यायाधीश, लखनऊ**

**दाण्डिक प्रकीर्ण वाद सं०-631/2026**

मेहबूब अली **बनाम** सैफ अमान व अन्य

**दिनांक-06.05.2026**

**1.** पत्रावली प्रस्तुत हुई। पुकार पर आवेदक की ओर से विद्वान अधिवक्ता उपस्थित।

**2.** यह स्थानान्तरण आवेदन, **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-षष्टम, लखनऊ** में लम्बित **प्रकीर्ण वाद सं०-6757/2025 मेहबूब अली बनाम अम्बर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि० व अन्य,** को उक्त न्यायालय से किसी अन्य न्यायालय में स्थानान्तरित करने के हेतु सन्दर्भित प्रकरण के परिवादी द्वारा प्रस्तुत किया गया है एवं यह आधार लिया गया है कि उक्त न्यायालय रिक्त है।

**3.** उक्त स्थानान्तरण आवेदन पर **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-षष्टम, कक्ष सं०-30, लखनऊ** के प्रभारी पीठासीन अधिकारी द्वारा आख्या दिनांकित 02.05.2026 प्रस्तुत की गयी, जिसमें **दाण्डिक प्रकीर्ण वाद सं०-6757/2025 महबूब अली बनाम सैफ अमान अन्तर्गत धारा 173(4), थाना-आलमबाग, लखनऊ,** की पत्रावली उक्त न्यायालय में लम्बित होने तथा न्यायालय रिक्त होने का उल्लेख किया गया।

**4.** सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

**5.** चूँकि सम्बंधित न्यायालय रिक्त है। अतः स्थानान्तरण हेतु पर्याप्त आधार है। तदैव, स्थानान्तरण आवेदन स्वीकार किये जाने योग्य है।

**-आदेश-**

स्थानान्तरण आवेदन स्वीकार किया जाता है। **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-षष्टम, कक्ष सं०-30, लखनऊ** में लम्बित **दाण्डिक प्रकीर्ण वाद सं०-6757/2025 महबूब अली बनाम सैफ अमान अन्तर्गत धारा 173(4) बी.एन.एस.एस., थाना-आलमबाग, लखनऊ,** को उक्त न्यायालय से **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष सं०-28, लखनऊ** में विधि-अनुसार सुनवायी एवं निस्तारण हेतु अन्तरित किया जाता है।

सर्वसम्बंधित सूचित हों।

**(मलखान सिंह)**
**सत्र न्यायाधीश,**
**लखनऊ**



Digitally signed by Malkhan Singh
Date: 2026.05.09 16:22:28 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court